प्रपत्र 3 / प्रारूप 5

(13)

मा0 मुख्यमंत्री घोषणान्तर्गत

संख्याः– 5103 / III(2)/11–14(मु0मं0घो0)/2011

प्रेषक,

महिमा,
अनुसचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता स्तर–1,
लोक निर्माण विभाग,
देहरादून।

देहरादूनः दिनांकः 26 सितम्बर, 2011

लोक निर्माण अनुभाग–2

विषयः– **मा0 मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत विभिन्न 07 कार्यो की प्रथम चरण की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा व्यय की स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्य अभियन्ता, गढ़वाल/कुमायूँ क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग, पौड़ी/अल्मोड़ा द्वारा मा0 मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत प्रथम चरण की स्वीकृति हेतु संलग्न विवरणानुसार उपलब्ध कराये गये 07 कार्यो के प्रारम्भिक आगणनों पर टी0ए0सी0 वित्त द्वारा औचित्यपूर्ण पाई गई धनराशि ₹ 488.53 लाख (₹ चार करोड़ अठ्ठासी लाख त्रिपन हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए संलग्नक के कॉलम सं0–6 पर अंकित विवरणानुसार चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 में प्रत्येक कार्य हेतु ₹ 1.00 लाख अर्थात कुल 07 कार्यो हेतु ₹ 7.00 लाख (₹ सात लाख मात्र) को व्यय करने की महामहिम श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

(i)– उक्त स्वीकृति के आधार पर विभाग द्वारा समस्त प्रक्रियात्मक कार्यो को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जायेगा तदोपरान्त उक्त सन्दर्भित शासनादेश सं0:–1764/III(2)/10–17(सामान्य)/2008 दिनांक 17 जून, 2010 की व्यवस्थानुसार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर शासन को वित्तीय स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की जायेगी। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर शासन से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त ही मोटर मार्ग के निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(ii)– आगणन मे उल्लिखित दरों का विश्लेषण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित दरों को जो दरें शैडयूल आफ रेट में स्वीकृत नही हैं, अथवा बाजार भाव से ली गई हो, की स्वीकृति पर नियमानुसार अधीक्षण अभियन्ता का अनुमोदन आवश्यक होगा।

(iii)– कार्य पर उतना ही व्यय किया जाय जितना की स्वीकृत नार्म है, स्वीकृत नार्म से अधिक व्यय कदापि न किया जाय। यदि प्रथम चरण हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि मे बचत हो रही है तो उसका समायोजन विस्तृत आगणन तैयार करते समय किया जायेगा।

(iv)– कार्य कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताएं तकनीकी दृष्टि के मध्य नजर रखते हुए एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित दरों/विशिष्टयों के अनुरुप ही कार्यों को सम्पादित कराते समय पालन करना सुनिश्चित करें।

(v)– आगणन में जिन मदों हेतु जो राशि स्वीकृत की गई है व्यय उसी मद में किया जाय, एक मद का दूसरी मद में व्यय कदापि न किया जाय।

(vi)– स्वीकृत किया जाने वाला कार्य उत्तराखण्ड प्रोक्यौरमेन्ट रूल्स–2008 एवं उक्त के विषय में समय–समय पर निर्गत समस्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त बजट मैनुअल के निर्देशों का भी अनुपालन किया जायेगा।

(vii)– मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश सं0:– 2047/XIV–219(2006) दिनांक 30–05–2006 द्वारा निर्गत आदेशों का कार्य कराते समय या आगणन गठित करते समय कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

महिमा

प्रपत्र 3 / प्रारूप 5



शा0 संख्याः 5103 (1)/ III(2)/11–14(मु0मं0घो0)/2011 दिनांक 26 सितम्बर, 2011 (प्रति...)

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | घोषणा संख्या | लम्बाई (किमी0 में) | टी0ए0सी0 वित्त द्वारा अनुमोदित (लाख ₹ में) | वित्तीय 2010–... वित्त... स्वीकृत ध... (लाख ...) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1 | जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र–जागेश्वर में वृद्ध जागेश्वर से कोटेश्वर तक मोटर मार्ग का निर्माण। | 125/2011 | 8.00 + 01 सेतु | 101.85 | 1.0... |
| 2 | जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र–जागेश्वर में अल्मोड़ा–घाट मोटर मार्ग के किमी0 62 से तलेट से बिरकोला तक मोटर मार्ग का निर्माण। | 126/2011 | 10.00 | 126.00 | 1.0... |
| 3 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र –पौड़ी के कल्जीखाल ब्लाक में साकनीखेत –चमधार मोटर मार्ग का निर्माण। | 275/2011 | 7.00 | 88.20 | 1.0... |
| 4 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र–पौड़ी के कल्जीखाल ब्लाक में ढाडूखाल–कल्जीखाल मोटर मार्ग का विस्तार/नव निर्माण। | 276/2011 | 8.00 | 100.80 | 1.0... |
| 5 | जनपद नैनीताल विधानसभा क्षेत्र–मुक्तेश्वर में ग्राम चौसली (धारी) से अनर्पा तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण | 293/2011 | 5.00 | 63.00 | 1... |
| 6 | जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र–सोमेश्वर में स्व0 प्रयाग दत्त जोशी स्वतन्त्रता संग्राम सैनानी के पैतृक गांव भाला को जोड़ने हेतु चन्द्रेश्वर मंदिर के पास 40 मी0 स्पान स्टील गर्डर पैदल सेतु का निर्माण | 316/2011 | 40 मी0 पैदल सेतु | 3.94 | 1... |
| 7 | जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र–सोमेश्वर में ताकुला विकासखण्ड में ग्राम झिलोली के निकट सिंगरौली मंदिर के पास कोसी नदी पर 60 मी0 स्पान पैदल झूला पुल का निर्माण | 317/2011 | 60 मी0 पैदल झूला पुल | 4.74 | 1... |
| | योगः– | | 38 किमी0 + 03 सेतु | 488.53 | 7... |

(कुल ₹ सात लाख मात्र)

(महिमा)
अनु सचिव

अधीक्षण अभियन्ता,
... वृत्त, लोक निर्माण विभाग
अल्मोड़ा